Mail कर दिया है

लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश
गौतम नगर, भोपाल 462021

क्रमांक/अकादमिक/सी/42/2022/1319 भोपाल, दिनांक 12.7.2022

प्रति,

समस्त ,
जिला शिक्षा अधिकारी,
मध्यप्रदेश ।

विषय :–मध्यप्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता आयोजन बावत् ।

संदर्भ:– प्रमुख सचिव म0प्र0 शासन पर्यटन विभाग का पत्र क./3699/क्विज–2022/म.प्र.टू.बो./2022 दिनांक 01.07.2022

—00—

उपरोक्त विषयांर्तगत सन्दर्भित पत्र के कम में लेख है, कि मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड भोपाल द्वारा पर्यटन क्विज प्रतियोगिता–2022 का आयोजन किया जा रहा है, जिसका जिला स्तरीय आयोजन दिनांक 24.08.2022 को आयोजित किया जाना सुनिश्चित किया गया है। उक्त पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 9 वी से 12 वी तक विद्यार्थियो (छात्र–छात्राओं) द्वारा भाग लिया जावेगा। टीम गठन का दायित्व विद्यालय प्राचार्य/प्रबंधन का होगा जिस हेतु विद्यालय प्राचार्य/प्रबंधन द्वारा वस्तुनिष्ठ प्रश्नमाला तथा क्विज के माध्यम से 3 श्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन कर टीम गठित की जावेगी। विद्यालय प्राचार्य/प्रबंधन द्वारा टीम का पंजीयन 06 जुलाई 2022 से 05 अगस्त 2022 के मध्य जिला शिक्षा अधिकारी/प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय डीएटीसीसी कार्यलय में जमा किया जावेगा। जिला स्तर पर सर्वोच्च अंक प्राप्त प्रथम विजेता टीम को राज्य स्तर पर (लिखित एवं आडियो विजुअल के लिए) चयनित किया जायेगा। टूरिज्म बोर्ड द्वारा भोपाल में राज्य स्तरीय क्विज दिनांक 15.09.2022 को आयोजित होगी,स्थल की जानकारी पृथक से प्रेषित की जावेगी। क्विज प्रतियोगिता–2022 की नियमावली संलग्न है। पूर्व वर्षो की भांति क्विज प्रतियोगिता–2022 का आवश्यक प्रचार–प्रसार कर अधिक से अधिक पंजीयन एवं अन्य कार्यों हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाये तथा प्रति जिला 01 क्विज मास्टर का चयन किया जाकर जानकारी टूरिज्म बोर्ड को ई–मेल आई.डी. quiz.mptb@mp.gov.in एवं whatsup No. 9424796688 पर शीघ्र उपलब्ध कराई जावे।

संलग्न – प्रमुख सचिव, मध्य प्रदेश शसन, पर्यटन विभाग,
का पत्र एवं क्विज नियमावली–2022 दिशा निर्देश।

(के.के.द्विवेदी)
संचालक
लोक शिक्षण म0प्र0।

पृ.क.अकादमिक/सी/42/2022/1320 भोपाल, दिनांक 12.07.2022

प्रतिलिपि–

1–प्रमुख सचिव म0प्र0 शासन पर्यटन विभाग का पत्र क./3699/क्विज–2022/म.प्र.टू.बो./2022 दिनांक 01.07.2022

2–समस्त संभागीय संयुक्त संचालक मध्यप्रदेश की और सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संचालक
लोक शिक्षण म0प्र0।

# मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज 2022

आयोजक

मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड, भोपाल

—सहयोग—

स्कूल शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन

जिला प्रशासन, समस्त जिला मध्य प्रदेश

जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद, समस्त जिला मध्य प्रदेश

मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम, भोपाल

# मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज 2022

## 1. परिचय –

मध्य प्रदेश पर्यटन द्वारा प्रदेश के बच्चों में प्रतियोगिता के माध्यम से प्रदेश के समृद्ध शाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, सांस्कृतिक रंगो, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरूषों, पर्यटन महत्व की संभावनाओं आदि से परिचित कराने तथा पर्यटन के माध्यम से सीखने की प्रक्रिया को विकसित करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष नवीन सत्र के आरम्भ होने के समय पर्यटन क्विज का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2016 से 2019 तक मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज का आयोजन पर्यटन विभाग द्वारा निरंतर किया गया है।

उत्सव रूप में इस आयोजन में 9वीं कक्षा से 12 वीं कक्षा के सभी छात्र–छात्राऐं अपने–अपने शासकीय/अशासकीय विद्यालयों के प्रतिनिधि के रूप में इस वार्षिक प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। पर्यटन क्विज शैक्षणिक पाठ्यक्रम के आधार पर न होकर आस–पास के परिवेश तथा प्रदेश के पर्यटन से संबंधित विषय वस्तु के आधार पर होती है। जिला स्तर पर विजेता टीम को पुरस्कार के रूप में मध्य प्रदेश की पर्यटन समृद्धि का अनुभव भ्रमण के माध्यम से कराया जाता है।

## 2. उद्देश्य :–

मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र–छात्राओं में –

- पर्यटन के प्रति जागरूकता विकसित करना।
- प्रदेश के पर्यटन विरासत से अवगत कराना।
- पर्यटन की अपार संभावनाओं तथा रोजगार के रूप में पर्यटन को अपनाने संबंधित उन्नमुखीकरण करना।
- छात्र–छात्राओं में पर्यटन के माध्यम से आत्मविश्वास विकसित करना।
- प्रदेश की पर्यटन विरासत का प्रचार–प्रसार करना।
- प्रदेश में प्रगतिशील पर्यटन संभावनाओं की आधारशिला तैयार करना।
- छात्र–छात्राओं को प्रदेश की विभिन्न विविधताओं के साथ एकरूपता का परिचय देना।
- छात्र–छात्राओं में देश/प्रदेश प्रेम की भावना का विकास।
- प्रदेश की पर्यटन विरासत का संज्ञान कराना।

## 3. संकल्पना –

- मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा जिला प्रशासन, जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद एवं स्कूल शिक्षा विभाग के सहयोग से मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज का आयोजन किया जावेगा।
- मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज का आयोजन दो चरण में होगा।
- प्रथम चरण– जिला स्तरीय होगा, जिसमें क्विज हेतु जिले के समस्त पंजीकृत स्कूलों की टीम द्वारा भाग लिया जावेगा। जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों द्वारा अपनी टीम का पंजीकरण कराया जा सकेगा।
- द्वितीय चरण– राज्य स्तरीय होगा, जिसमें प्रथम चरण में प्रत्येक जिले की विजेता टीम द्वारा भाग लिया जावेगा।

## 4. सहभागिता/पंजीयन –

- पर्यटन क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 9 वी से 12 तक के विद्यार्थियों (छात्र–छात्राओं) द्वारा भाग लिया जावेगा।
- प्रदेश के ऐसे समस्त शासकीय/अशासकीय विद्यालय जो राज्य बोर्ड, केन्द्रीय बोर्ड अथवा अन्य शिक्षा बोर्ड जिसमें 9 वी से 12 तक अध्ययनरत् विद्यार्थी भाग ले सकेंगे।
- प्रतिभागिता के इच्छुक विद्यालयों द्वारा अपने स्कूल में अध्ययनरत् 9 वी से 12 तक के विद्यार्थियों की 3 सदस्यीय टीम का गठन किया जावेगा।
- टीम गठन का दायित्व विद्यालय प्राचार्य/प्रबंधन का होगा, जिस हेतु विद्यालय प्राचाय/प्रबंधन द्वारा वस्तुनिष्ठ प्रश्नमाला एवं क्विज के माध्यम से 3 श्रेष्ठ विद्यार्थियों का चयन कर टीम गठित की जावेगी।
- विद्यालय द्वारा क्विज प्रतियोगिता हेतु गठित टीम का पंजीयन संलग्न परिशिष्ट–1 अनुसार काया जावेगा।
- विद्यालय प्राचार्य/प्रबंधन द्वारा टीम का पंजीयन **06 जुलाई, 2022 से 05 अगस्त 2022** के मध्य जिला शिक्षा अधिकारी/प्रचार्य उत्कृष्ट विद्यालय, DATCC कार्यालय में जमा किया जावेगा। **अंतिम तिथि 05 अगस्त, 2022 संध्या 5:30 के बाद कोई भी प्रविष्टि स्वीकार्य नहीं होगी।**

## 5. ''जिला स्तरीय'' आयोजन तिथि एवं समय अनुक्रमणिका–

## जिला स्तर पर (लिखित + ऑडियो विजुअल)

**जिला स्तर पर –** प्रथम चरण : लिखित प्रश्नोत्तरी

द्वितीय चरण : ऑडियों विजुअल

जिला स्तर पर लिखित प्रश्न पत्र के हल करने के पश्चात सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली जिलों की 06 टीमों को ऑडियों विजुअल चरण में प्रवेश दिया जावेगा।

जिला स्तर पर ऑडियो विजुअल चक्रो (राउण्ड) में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली प्रथम स्थान प्राप्त टीम/जिले का दल राज्य स्तर पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता के लिए पात्र होंगे।

| क्र | जिला स्तरीय समय अनुसार अनुकमणिका | समय सारणी |
|---|---|---|
| 1 | आयोजन तिथि | **24/08/2022 (बुधवार)** |
| 2 | पंजीयन कार्य | प्रातः 9 से 10 (01 घण्टे) |
| 3 | जिला स्तर लिखित परीक्षा प्रथम चरण | प्रातः 10 से 12 (02 घण्टे) |
| 4 | भोजन तथा ''**मूल्यांकन कार्य**'' | दोपहर 12 से 02.30 (02.30 घण्टे) |
| 5 | क्विज प्रतियोगिता (मल्टीमीडिया) आयोजन | दोपहर 02.30 से 04.30 (02 घण्टे) |
| 6 | पुरस्कार वितरण | सायः 04.30 से 05.30 (01 घण्टे) |

**नोट :–** जिला एवं राज्य स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता को उत्सव के रूप में आयोजित की जाना है, इस हेतु दोनों प्रतियोगिताओं में भोजन तथा मूल्यांकन के दौरान छात्रों के मनोरंजन हेतु विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

## 6. राज्य स्तर पर (लिखित + ऑडियों विजुअल)–

जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त टीम को राज्य स्तर पर आंमत्रित कर, राज्य स्तरीय आयोजन **15 सितम्बर, 2022 (गुरूवार)** को संपादित किया जावेगा।

**राज्य स्तर पर**– प्रथम चरण : लिखित प्रश्नोत्तरी

द्वितीय चरण : ऑडियों विजुअल

लिखित प्रश्न पत्र के हल करने के पश्चात सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली जिलों की 06 टीम ऑडियो विजुअल चरण में प्रवेश हेतु पात्र होगा।

ऑडियो विजुअल चक्रो (राउण्ड) में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली टीम/जिले के दल को राज्य स्तर पर विजेता घोषित किया जावेगा।

## 7. मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज 2022 विद्यालय स्तर पर टीम चयन का मापदण्ड–

समस्त जिलों में 03 विद्यार्थियों (01 टीम) का चयन दायित्व विद्यालय प्राचार्य/प्रबंधन का होगा। इस हेतु विद्यालय प्राचार्य वस्तुनिष्ठ प्रश्नमाला तथा क्विज के माध्यम से विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों का चयन कर क्विज प्रतियोगिता हेतु उनका पंजीयन सुनिश्चित किया जावेगा।

विद्यार्थियों की सहभागिता हेतु संलग्न **परिशिष्ट–01** प्रारूप में पंजीयन निर्धारित तिथि एवं समय तक संबंधित जिले के जिला शिक्षा अधिकारी महोदय को जमा करना आवश्यक है।

## 8. मध्य प्रदेश पर्यटन क्विज 2022 आयोजन–

**जिला स्तर पर** – जिला स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन DATCC द्वारा किया जावेगा, तथा जिला कलेक्टर द्वारा इस हेतु एक विशेष अधिकारी नामांकित किया जावेगा। आयोजन हेतु मुख्यतः मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जिला पंचायत), जिला शिक्षा अधिकारी एवं शिक्षा विभाग द्वारा क्विज मास्टर के सहयोग एवं समन्वय से यह प्रतियोगिता संपादित की जावेगी। मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक, द्वारा प्रदेश में स्थापित मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की इकाई प्रभारियों को नामांकित किया जावेगा, जो आयोजन बाबत् सतत् संपर्क में रहेंगे।

## 9. क्विज मास्टर का चयन/प्रशिक्षण –

प्रत्येक जिले में क्विज प्रतियोगिता के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिले के श्रेष्ठ क्विज मास्टर का चयन किया जाकर उनका नाम मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड को प्रस्तावित किया जावेगा।

**क्विज मास्टर प्रशिक्षण/कार्यशाला – चयनित क्विज मास्टरों का प्रशिक्षण एवं निर्देशों की जानकारी, क्विज प्रतियोगिता के सफल संचालन,** प्रश्न पत्रों की गोपनीयता, परीक्षा आयोजन, परीक्षा मूल्यांकन एवं रिकार्ड संधारण आदि अन्य विषयों से संबंधित जानकारी एवं उन्नमुखीकरण हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम/कार्यशाला का आयोजन प्रदेश मुख्यालय भोपाल में मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा किया जायेगा, जिसमें

क्विज मास्टरों को भेजे जाने का उत्तरदायित्व जिला शिक्षा अधिकारी/जिला प्रशासन का होगा। **प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु तिथि की जानकारी मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्रेषित की जावेगी।**

10. **क्विज प्रतियोगिता स्थल का चयन** – जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता स्थल का चयन स्कूल शिक्षा विभाग/जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (DATCC) द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी (जिला पंचायत) के परामर्श से कलेक्टर के अनुमोदन उपरान्त किया जावेगा, जो किसी विद्यालय/महाविद्यालय/संस्था/ऑडीटोरियम आदि भी हो सकता है। आयोजन स्थल का चयन प्रतियोगिता के 15 दिवस पूर्व तक सुनिश्चित कर लिया जावे या सुनिश्चित किया जाये कि बारिश इत्यादि से आयोजन बाधित न हो तथा जिले के समस्त स्कूलों से टीमों के आवागमन हेतु सुविधाजनक हो।

11. **प्रतियोगिता स्थल की जानकारी प्रेषित करना** – जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (DATCC) क्विज प्रभारी, जिला शिक्षा अधिकारी एवं क्विज मास्टर द्वारा आयोजन स्थल की जानकारी पर्यटन क्विज हेतु पंजीकृत सभी विद्यालयों को दी जाना सुनिश्चित किया जावे। प्रतियोगिता स्थल के संबंध में भाग लेने वाले विद्यालयों के प्राचार्यों के माध्यम से प्रतिभागियों को सूचित किया जावेगा। प्रतियोगिता स्थल पर तीनों प्रतिभागियों को प्रभारी शिक्षक के साथ स्वंय के साधन/संसाधन से निर्धारित समय (आयोजन दिनांक 24/8/2022 प्रातः 08:45) तक उपस्थित होना होगा।

## 12. प्रश्न पत्र एवं विषय वस्तु–

1. प्रतियोगिता हेतु पर्यटन क्विज के दोनों चरणों (लिखित एवं आडियो विजुअल) हेतु प्रश्न मध्य प्रदेश के पर्यटन एवं पर्यटन से संबंधित परिक्षेत्र, कला, संवर्धन, अध्यात्म, प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक परिवेश एवं प्रदेश में फिल्मांकित फिल्म आदि से संबंधित होंगे। "आजादी का अमृत महोत्सव" वर्ष होने के कारण प्रश्न पत्र में म.प्र. के स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े स्थलों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों सम्बन्धित प्रश्न भी शामिल किये जायेंगे।
2. प्रतियोगिता हेतु दोनों चरणों में विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे जाते है, जिनमें बहु विकल्पीय प्रश्न, जोड़ियां बनाओ, सही या गलत की पहचान, रिक्त स्थानों की पूर्ति, एक शब्द में उत्तर, समूह से पृथक विकल्प, समानुपातिक विकल्प, व्याख्या आधारित प्रश्न, गद्यांश को पढ़कर प्रश्न का उत्तर आदि प्रश्न होते है।

**प्रश्न पत्र हल करने की प्रक्रिया**

1. प्रतियोगिता के प्रथम चरण में एक लिखित क्विज प्रश्न पत्र एवं रिक्त उत्तर पुस्तिका 03 विद्यार्थियों के मध्य प्रदान किया जावेगा।
2. टीम के 03 विद्यार्थी परस्पर सलाह से प्रश्न हल करेंगे।
3. लिखित परीक्षा के प्रश्न हिन्दी/अंग्रेजी दोनों माध्यम में होंगे।
4. किसी विषय/प्रश्न पर विवाद की स्थिति में हिन्दी माध्यम सर्वमान्य होगा।

**जिला स्तरीय पर्यटन क्विज हेतु व्यय प्रावधान–** जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता के आयोजन का व्यय जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (DATCC) में उपलब्ध बजट से किया जावेगा। आयोजन पश्चात् आयोजन व्यय के संपूर्ण देयकों के भुगतान पश्चात् इस आशय की जानकारी मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड को जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (DATCC) द्वारा प्रेषित की जायेगी कि पर्यटन क्विज के समस्त देयकों का भुगतान किया जा चुका है। व्यय नियमानुसार किया जायेगा एवं इस हेतु जारी दिशाः निर्देशों का पालन किया जाना होगा।

**13. पुरस्कार विवरण –**

**कूपन**

1. जिला स्तरीय पर्यटन क्विज के "विजेता दलों" को मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के होटलों में 02 रात्रि 03 दिन एवं "उपविजेताओं दलों" को मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के होटलों में 01 रात्रि 02 दिन (आवास–भोजन सुविधा युक्त) ठहरने संबंधी उपहार कूपन प्रदाय किये जावेंगे।
2. सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किये जावेंगे।
3. प्रत्येक जिले के सभी विजेता तथा उप विजेता टीम के विद्यार्थियों को क्विज मास्टर के नेतृत्व में तथा दल में एक भी बालिका होने की स्थिति में सहयोगी महिला शिक्षिका के साथ भ्रमण पर भेजा जावेगा। क्षेत्रीय प्रबंधक प्रतिनिधि (म.प्र.राज्य पर्यटन विकास निगम) द्वारा निर्धारित टूर अनुसार जिले के निकटतम् नियत स्थान विशेष पर भ्रमण कराया जाएगा। प्रत्येक जिले के लिए मध्य प्रदेश के किसी भी पर्यटन स्थल को समय, स्थान की उपलब्धता के आधार पर भेजा जाएगा।
4. इसके लिए प्रत्येक जिले के सभी 09 विजेता तथा 09 उपविजेता छात्र–छात्राओं को सूचना देने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (DATCC) प्रभारी उत्तरदायी होगे। क्विज मास्टर दल प्रमुख होगा। यदि दल में एक भी बालिका है, तो क्विज मास्टर पुरूष होने की दशा में जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (DATCC) एक महिला शिक्षिका की नियुक्ति कर उसे दल के साथ भेजेगें। इसमें संपूर्ण दल को जिला शिक्षा अधिकारी तथा डीटीपीसी के मार्गदर्शन अनुसार एक स्थान विशेष पर, जिले के उत्कृष्ट विद्यालय में नियत तिथि/समय पर उपस्थित होना होगा। विद्यालय से उत्कृष्ट विद्यालय तक आने का आवागमन व्यय संबधित विद्यालय वहन् करेगा। उत्कृष्ट विद्यालय से सभी नौ

विजेता/उपविजेता बच्चों तथा प्रभारी शिक्षक/शिक्षिका सहित सभी सदस्यों का संबधित पर्यटन स्थल तक लाना, ले–जाना, भोजन, रूकना, स्थानीय भ्रमण आदि का व्यय मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड वहन् करेगा।

5. दल सदस्यों को चार वातानुकूलित कक्ष में रूकवाया जाएगा। दल में बालक एवं बालिकाओं की संख्या के आधार पर कक्षों की संख्या 05 भी की जा सकेगी। होटल में चेकइन/चैकआऊट टाईम दोपहर 12:00 बजे का होगा।
6. होटल में ठहरे हुए सभी दल सदस्यों को सुबह का नाशता दोपहर एवं रात्रि का भोजन भी निःशुल्क प्रदाय किया जावेगा। साथ ही स्थानीय भ्रमण की सुविधा भी प्रदान की जावेगी।
7. विजेता प्रतियोगी को होटल के रूम की बुकिंग एडवांस में मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा कराई जावेगी।
8. सभी दल सदस्यों को माह अगस्त (अंतिम सप्ताह) सें सितंबर 2022 तक अथवा जनवरी से फरवरी 2023 में भ्रमण कराया जाएगा। इसकी सूचना आपको 15 दिन पूर्व आपके प्राचार्य के माध्यम से दी जावेगी।
9. सभी जिला स्तरीय दलों के भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित तिथि के पश्चात आयोजित नही किये जावेगें। भ्रमण समय अगस्त (अंतिम सप्ताह) सें सितंबर 2022 तक अथवा जनवरी से फरवरी 2023 में कोई संशोधन नही किया जावेगा।
10. जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद (DATCC) प्रभारी अधिकारी की जिम्मेदारी होगी कि सभी विजेता/उपविजेता दल निर्धारित समय में भ्रमण कार्यक्रम का लाभ लें।

**मेडल** –

जिले के समस्त 03 विजेता टीमों (09 प्रतिभागी) एवं उपविजेता टीमों (09 प्रतिभागी) को मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा तैयार मेडल प्रदान किये जावेंगे।

## 14. पर्यटन क्विज दस्तावेज संधारण प्रक्रिया–

**प्रशिक्षण के दौरान जिलों के क्विज मास्टर सौंपे जाने वाले दस्तावेज**

1. प्रश्न पत्र हिन्दी एवं अंग्रेजी सील बंद लिफाफा।
2. उत्तर पुस्तिका सील बन्द लिफाफा।
3. पेन ड्राईव (हिन्दी, अंग्रजी प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिका पीडीएफ फार्मेट पासवर्ड प्रोटेक्टेट तथा मल्टीमीडिया पीपीटी प्रश्न पत्र पासवर्ड प्रोटेक्टेट) सीलबंद लिफाफा।
4. विजेता 3 टीम एवं उपविजेता 03 टीम (प्रत्येक टीम में 3 विद्यार्थी) इस प्रकार 9 विजेता एवं 9 उपविजेता कूपन के पृथक–पृथक लिफाफे।
5. विजेता 3 टीम एवं उपविजेता 03 टीम (प्रत्येक टीम में 3 विद्यार्थी) इस प्रकार 9 विजेता एवं 9 उपविजेता के लिए मेडल।
6. जिलों में पंजीयन संख्या के आधार पर प्रमाण पत्र।

**रिकार्ड संधारण–**

क्विज प्रतियोगिता से संबंधित निम्नलिखित अभिलेख डीटीपीसी कार्यालय में सुरक्षित रखे जावे –

1. प्रतियोगिता में पंजीकृत विद्यालय तथा सहभागी विद्यार्थियों की सूची।
2. प्रतियोगिता में उपस्थित विद्यालय तथा सहभागी विद्यार्थियों की सूची।
3. समस्त शामिल प्रतिभागियों के द्वारा अंकित उत्तर पुस्तिका अनुक्रमांक अनुसार नस्तीबद्ध कर।
4. प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों के प्राप्तांको की सूची।
5. प्रथम चरण लिखित परीक्षा में 06 प्रथम स्थान प्राप्त टीमों के नामों का प्राप्तांक सहित विवरण।
6. क्विज प्रतियोगिता में राउण्ड अनुसार प्राप्तांको का विवरण।
7. द्वितीय चरण क्विज प्रतियोगिता में विजेता तथा उपविजेता टीमों के नामों का प्राप्तांक सहित विवरण।
8. संक्षिप्त प्रतिवेदन, न्यूज कटिंग तथा कुछ महत्वपूर्ण छायाचित्र।
9. विजेताओं एवं उपविजेताओं के समूह छायाचित्र।

राज्य स्तर पर प्रतियोगिता आयोजन सहभागी होने से रिकार्ड का संधारण जिला पर्यटन संवर्धन परिषद भोपाल द्वारा किया जाता है।

परिशिष्ट –01

# जिला स्तर हेतु पंजीयन प्रपत्र

विद्यालय का नाम ..........................................................................................................................

पता .......................................................................................... टेलीफोन नं. ......................................................

प्राचार्य का नाम....................................................................मोबाईल नं. ...................................................

प्रभारी शिक्षक नाम ..............................................................मोबाईल नं. ...................................................

**प्रथम प्रतिभागी विवरण–**

विद्यार्थी का नाम ...................................................... पिता का नाम........................................................

कक्षा ........... पता ..........................................................................................................................

परिवार के किसी सदस्य का नाम/मोबाईल नं.............................................................................................

**द्वितीय प्रतिभागी विवरण–**

विद्यार्थी का नाम ...................................................... पिता का नाम........................................................

कक्षा ........... पता ..........................................................................................................................

परिवार के किसी सदस्य का नाम/मोबाईल नं.............................................................................................

**तृतीय प्रतिभागी विवरण–**

विद्यार्थी का नाम ...................................................... पिता का नाम........................................................

कक्षा ........... पता ..........................................................................................................................

परिवार के किसी सदस्य का नाम/मोबाईल नं.............................................................................................

**प्रभारी शिक्षक का विवरण–**

नाम ................................................ पद ................... संस्था ........................................................

संपर्क ............................... ........................................................................................................

..............................................

हस्ताक्षर / पदमुद्रा प्राचार्य

क्विज प्रतियोगिता 2022 के लिए डीएटीसीसी प्रभारी अधिकारी की जानकारी हेतु प्रपत्र "अ"  कलेक्टर जिला ..................

| क्र | जिले का नाम | डी.ए.टी.सी.सी. क्विज प्रभारी का नाम /पदनाम | मोबाईल नम्बर | ई-मेल आई. डी. | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |
| | | | | | |

क्विज प्रतियोगिता 2022 के लिए क्विज मास्टर की जानकारी हेतु प्रपत्र  जिला शिक्षा अधिकारी जिला ..................

| क्र | जिले का नाम | जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा नामांकित क्विज मास्टर का नाम/पदनाम | मोबाईल नम्बर | ई-मेल आई.डी | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |
| | | | | | |